हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 27 नवंबर 2025
[अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती




तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 12. 0 डिग्री

## खबर संक्षेप

### शिक्षक पर हुए हमलो की रोकथाम के लिए कलेक्टर से की मुलाकात

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन जिला इकाई जांजगीर चांपा द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी रायपुर छग के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगातार शिक्षकों पर हमले की घटनाएं सामने आ रही है जो अत्यंत चिंताजनक है। 25 नवंबर को रुपेश जोशी संकुल समन्वयक खुर्सीपार जिनका बीएलओ ड्यूटी भिलाई में लगी थी अपने कार्य का निर्वहन कर रहे थे इसी दौरान एक मतदाता द्वारा उन्हें गाली गलौज करते हुए ईट से हमला किया गया। इसी प्रकार की घटना जांजगीर जिले के बलौदा ब्लाक के अंतर्गत गतवा में घटी है जो यह स्पष्ट करती है कि गैर शैक्षणिक कार्यों के दौरान शिक्षक निरंतर जोखिम में रहते हैं तथा उनके लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। जिसने प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र राठौर के निर्देशानुसार ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के निवासी शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों मेडिकल कॉलेज इंजीनियरिंग कॉलेज, पोलिटेक्निक, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कोलेज, आईटीआई एवं डाइट आदि में अध्ययनरत अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों, जो राज्य शासन द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है तथा इन संस्थाओं के प्राचार्यों संस्था प्रमुखों एवं छात्रवृत्ति प्रभारियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षा सत्र 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 बैंक एकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन की कार्यवाही वेबसाईट पर ऑनलाईन की जा रही है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि जिसके अंतर्गत भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा वर्ष 2022-23 एवं वर्ष 2023-24 के लिए 30 नवम्बर तथा वर्ष 2024-25 के लिए 31 दिसंबर 2025 तक तिथि निर्धारित की गई है। निर्धारित तिथि के पश्चात विद्यार्थियों को शिक्षा सत्र वर्ष 2022-23, 2023-24 एवं 2024-25 के लिए बैंक अकाउंट एवं आधार सीडिंग संबंधी संशोधन हेतु अवसर प्रदाय नहीं किया जायेगा।

### 4 दिसंबर तक घर-घर जाकर चलेगा सत्यापन कार्य

**जांजगीर-चांपा।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को सुचारू और त्रुटि रहित ढंग से संचालित करने हेतु जिले के सभी तहसीलों में बीएलओ एवं बीएलए का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य केंद्र बिंदु मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन करने से संबंधित जटिल प्रक्रियाओं को समझाना था। अधिकारियों ने बूथ स्तरीय अभिकर्ताओं को फॉर्म भरने की सही प्रक्रिया, पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं से संपर्क साधने के तरीके और सूची को अद्यतन करने के लिए बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

### जिले में अब तक 4952.40 क्विंटल धान की खरीदी

**सक्ती।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप जिले में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का महाअभियान शुरू हो गया है । जिसके तहत समर्थन मूल्य पर जिले में अब तक 4952.40 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया है। जिले में पंजीकृत किसानों से धान खरीदी के लिए 125 उपार्जन केन्द्र बनाए गए है। धान खरीदी केन्द्र किरारी में 141.20 में क्विंटल, चन्द्रपुर में 764.80 क्विंटल, चिस्दा (चिस्दा) में 9.2 क्विंटल, चिस्दा (झरप) में 12. 4 क्विंटल, जवाली में 62.80 क्विंटल, ठठारी में 102 क्विंटल, डभरा में 264.40 क्विंटल, डोड़की में 360 क्विंटल, दतौद में 42 क्विंटल, दर्राभांठा में 138 क्विंटल, दर्री में 8 क्विंटल की खरीदी हुई।

# स्कूल में ट्रैफिक पुलिस की दबिश से मचा हड़कंप, थोक में मिले नाबालिग बाइकर्स

## जय भारत इग्लिश मीडियम स्कूल प्रबंधन को कडी फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जांजगीर-चांपा। जिला मुख्यालय के जय भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल में बुधवार 26 नवंबर की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब यातायात पुलिस की विशेष टीम अचानक जांच के लिए पहुंच गई। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने की बढ़ती शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शहर के निजी स्कूल में अचानक दबिश दी। खास बात यह है कि गेट पर पहले कुछ बच्चों को बाइक चलाते पकड़ा गया। इसके बाद सभी भीतर में छिपने लगे। ऐसी स्थिति में पुलिस ने भीतर जाकर कार्रवाई की।

बुधवार 26 नवंबर को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात उदयन बेहार अपनी टीम के साथ शहर भ्रमण के लिए निकले थे। बताया जाता है कि इस दौरान जयभारत इंग्लिश मीडियम स्कूल से कुछ बच्चों को बाइक से निकलते देखा। इस पर उन्होंने बच्चों को रोका और पूछताछ की। इधर स्कूल के सामने गेट पर यातायात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के साथ जवानों की टीम को देखकर बाकी के बाइक सवार बच्चे भीतर ही छिपने लगे। जैसे ही बच्चों की नजर स्कूल गेट पर खड़ी पुलिस टीम पर पड़ी, बाइक से आने वाले नाबालिग छात्रों में भगदड़ जैसा माहौल बन गया। कई बच्चे अपनी बाइकें दूर छोड़कर स्कूल की तरफ भागते नजर आए। इसके बावजूद पुलिस ने थोक में नाबालिगों को दोपहिया वाहन चलाते पकड़ा। इधर पुलिस टीम स्कूल भीतर पहुंची तो वहां बच्च्चों के दर्जनों वाहन खड़े हुए थे। कई बच्चे वाहन चलाते भी मिले। ऐसे में पुलिस टीम ने विद्यालय के प्राचार्य के साथ प्रबंधन को भी तलब किया। मौके पर पहुंचे एडीशनल एसपी यातायात श्री बेहार ने प्रबंधन और प्राचार्य को कड़ी फटकार लगाते हुए सख्त चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि यहां से नाबालिग बच्चों के बाइक से आने जाने पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। बच्चे यदि बाइक चलाते पकड़े जाते है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्कूल प्रबंधन को अपनी जिम्मेदारी का निवर्हन करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही भविष्य में इस तरह की स्थिति दोबारा निर्मित नहीं होने की चेतावनी दी। बहरहाल निजी स्कूल में यातायात पुलिस के पहुंचने से नाबालिग बाइकर्स में हड़कंप मचा रहा। बच्चों को बाइक थमाने वाले परिजन भी सकते में रहे। वहीं इस घटना की चर्चा पूरे दिन होती रही। उल्लेखनीय है कि शहर के अधिकांश निजी स्कूलों में नाबालिग बाइक से स्कूल आना जाना करते है। वहीं इस तरह की कार्रवाई के बाद नाबालिग बच्चों को बाइक सौंपने वाले अभिभावक और उन्हें परिसर में प्रवेश की अनुमति देने वाले स्कूल प्रबंधन में भी हड़कंप मच गया है।



### दिए है सख्त चेतावनी

शहर भ्रमण के दौरान जयभारत स्कूल के बच्चे बाइक से निकलते दिखे। इस पर गेट पर रूककर जांच की गई। ट्रैफिक पुलिस को देखकर बाइक वाले अधिकांश बच्चे भीतर ही रहे। जिसके कारण हमें अंदर जाना पड़ा, वहां बच्चों की दर्जनों गाड़ियां खड़ी थी। इस पर प्रबंधन को फटकार लगाया गया और और नाबालिग के बाइक से आने जाने पर रोक लगाने सख्त चेतावनी दी गई है।

- उदयन बेहार
एएसपी, यातायात

## सेना के जवान सहित 5 लोगों की सड़क हादसे में मौत से पसरा मातम

# नहीं छूटे थे मेंहदी के रंग उजड़ गया मांग का सिंदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-नवागढ़

शादी के मंडप में पति के साथ सात फेरे लेकर ससुराल आए उस नववधु को अभी सप्ताह भर ही हुए थे, हाथों की मेंहदी के रंग भी नहीं छूटे थे और नियति ने उसकी मांग का सिंदूर ही छिन लिया। नेशनल हाइवे पर हुए सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले सेना के जवान राजेन्द्र कश्यप की नवविवाहिता पत्नी को यह यकीन हीं नहीं हो रहा है कि उसका सुहाग उजड़ गया। इधर इस हादसे में 5 लोगों की मौत से पूरे नवागढ़ शहर सहित अंचल में शोक की लहर छा गई।

भारतीय सेना का जवान राजेन्द्र कश्यप पिता कोमल कश्यप उम्र 23 वर्ष कुछ दिनों पहले ही छुट्टी लेकर घर लौटा था। दरअसल 18 नवंबर को उसकी शादी रोगदा गांव में बिंदेश्वरी के साथ तय हुई थी। घरवालों ने धूमधाम के साथ शादी की। उसकी शादी को अभी बमुश्किल सप्ताह भर हुए थे कि उसके बचपन के साथी जयराम प्रसाद देवांगन की शादी 25 नवंबर को थी। वह अपने अन्य दोस्त एसएएफ के जवान पोमेश्वर जलतारे और अन्य लोगों के साथ उस शादी में शामिल होने गया था। वे सभी राजेन्द्र की ही स्कार्पियो में सवार होकर पंतोरा बारात गए थे। बताया जाता है कि रात में वे नवागढ़ लौट रहे थे। गाड़ी राजेन्द्र ही चला रहा था और बगल की सीट पर पोमेश्वर जलतारे बैठा था। बाकी पीछे सीट पर 6 लोग और सवार थे। उनकी गाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 पेण्ड्री चौक सुकली के पास पहुंची है कि तेज रफ्तार ट्रक से भिडत हो गई। इस घटना राजेन्द्र कश्यप, पोमेश्वर जलतारे, कमलनयन साहू, भूपेन्द्र साहू, विश्वनाथ देवांगन की मौत हो गई। वहीं 3 अन्य लोग घायल हो गए। इस घटना की सूचना मिलते ही सारी खुशियां गम में बदल गई। पांचों की लाश नगर में पहुंची तो सभी की आंखे छलक आई। सेना के जवान राजेन्द्र और पोमेश्वर सहित पांचों का अंतिम संस्कार एक साथ किया गया। इधर राजेन्द्र की नवब्याहता पत्नी को कुछ समझ ही नहीं आ रहा है कि नियति के साथ उसके साथ कैसा खेल कर दिया है। वहीं माता पिता भाई के साथ रिश्तेदारों का रो रोकर बुरा हाल है।



जवानों को गार्ड आफ आनर देते सेना के जवान।

### कलेक्टर-एसपी पहुंचे अस्पताल

सड़क दुर्घटना में एक साथ पांच लोगों की मौत और तीन लोगों के गंभीर होने की सूचना मिलते ही पुलिस के साथ प्रशासनिक अमला हरकत में आ गया। जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे और पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। जहां घटना की पूरी जानकारी ली और उपस्थित परिजन को ढांढस बंधाते हुए घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए। इस दौरान जिला प्रशासन ने मृतक के परिजन को शासन से मिलने वाली सहायतार्थ राशि का शीघ्र भुगतान करने कहा।

### पूर्व में भी सड़क हादसे में नवागढ़ के पांच लोगों की हुई थी एक साथ मौत

सड़क हादसे में नवागढ़ के 5 लोगों के एक साथ मौत होने की यह दूसरी बड़ी घटना है। इसके पूर्व वर्ष 2011 में नवागढ़ के ही केशरवानी परिवार के लोग नैनो कार में सवार जा रहे थे, जो बलौदा बाजार के पास सड़क हादसे का शिकार हो गए। इस घटना में एक साथ 5 लोगों की मौत हुई थी। इसके बाद 25 नवंबर 2025 की रात सुकली में हुए इस घटना मे 5 लोगों की मौत हुई है। जिसने पुरानी घटना की यादें ताजा कर दी। लोगों के मुताबिक उस समय भी एक साथ 5 चिताएं जली थी।

### अर्थी बनाने वाला भी चल बसा

सड़क दुर्घटना में नवागढ़ के पांच लोगों की मौत के बाद छठवें व्यक्ति की हार्ट अटैक से मौत हो गई। बताया जाता है कि गांव का 50 वर्षीय तिहारू राम देवांगन सड़क दुर्घटना के मृतक के घर पहुंचा था। वहां उसने शव को ले जाने अर्थी तैयार करने में मदद की, इसके कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। ऐसे में पांच लोगों की चिता जलने के साथ छठवी चिता भी जलाई गई।

### जनप्रतिनिधि पहुंचे ढांढस बंधाने

सड़क दुर्घटना में मृत लोगों के घरों में पहुंचकर उनके परिजनों को ढांढस बंधाने के लिए क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश शर्मा, भाजपा नेता विवेका गोपाल, पालिकाध्यक्ष जांजगीर नैला रेखा देवी गढ़ेवाल सहित नवागढ़ क्षेत्र के जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में वहां मौजूद रहे।

# पिकअप की चपेट में आकर युवक की मौत, दूसरा घायल

## अमरताल के आनंदम रिसोर्ट के सामने हुआ हादसा



हादसे के बाद मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम अमरताल स्थित आनंदम धाम रिसोर्ट के पास बुधवार शाम रायगढ़ से बिलासपुर जा रहे बुलेट में सवार दो युवक गाय से टकराने के बाद सड़क पर गिर गए एवं सामने दिशा से आ रही पिकअप गाड़ी में की चपेट में आकर दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाने पर चिकित्सकों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया।

घटना के संबंध में यह जानकारी मिली कि बोईर दादर रायगढ़ निवासी राकेश चौहान पिता दयाराम चौहान एमएससी फाइनल ईयर का छात्र था। वह अपने मित्र एकेश साव के साथ बुलेट में सवार होकर बिलासपुर की ओर जा रहा था। युवक जब अमरताल स्थित आनंदम धाम रिसोर्ट के पास पहुंचे थे तभी सड़क में बैठे दो गाय अचानक उठकर लड़ने लगे जिससे टकराकर युवक सड़क पर गिर गए। इसी दौरान सामने से आ रही तेजरफ्तार पिकअप के चपेट में राकेश चौहान का कमर एवं पैर का हिस्सा आ गया। वहीं एकेश साव छिटक कर दूर जा गिरा। ग्राम वासियों के द्वारा घटना की सूचना मां कर्मा एंबुलेंस के संचालक पारस साहू को दिए जाने पर पारस साहू के द्वारा अविलंब दोनों घायल युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने निरीक्षण के बाद राकेश चौहान को मृत घोषित कर दिया। पुलिस के द्वारा परिजनों को सूचित किया गया है। 27 नवंबर को मृत युवक का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

**सड़कों पर बैठे मवेशियों से लगातार दुर्घटना का शिकार हो रहे क्षेत्रवासी**

क्षेत्र के समस्त मार्गो में सड़कों पर बैठे हुए बड़ी संख्या में मवेशियों को आसानी से देखा जा सकता है साथ ही इन मवेशियों से लगातार दुर्घटना का शिकार होकर क्षेत्र वासियों की जान जाने एवं घायल होने की जानकारी भी मिल रही है। आवारा मवेशियों को लेकर प्रशासन की चुप्पी समझ से परे है। सड़कों में आवारा मवेशियों के झुंड में मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ते ही जा रही हैं।

# सुकली सड़क दुर्घटना में फरार वाहन चालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सिटी कोतवाली के ग्राम सुकली में हुए भीषण सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत मामले में फरार वाहन चालक को गिरफतार किया गया है।

इस संबंध में सिटी कोतवाली से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 25 नवंबर की रात्रि करीबन 12.30 को ट्रक चालक द्वारा लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए थाना जांजगीर क्षेत्र के ग्राम सुकली एनएच रोड में स्कॉर्पियो वाहन को ठोकर मार दिया। बताया जाता है कि वे सभी राजेन्द्र की ही स्कार्पियो में सवार होकर पंतोरा बारात गए थे। बताया जाता है कि रात में वे नवागढ़ लौट रहे थे। गाड़ी राजेन्द्र ही चला रहा था और बगल की सीट पर पोमेश्वर जलतारे बैठा था। बाकी पीछे सीट पर 6 लोग और सवार थे। उनकी गाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49 पेण्ड्री चौक सुकली के पास पहुंची है कि तेज रफ्तार ट्रक से भिडत हो गई। इस घटना से 5 लोग की मौत हो गई और 3 अन्य लोग घायल हो गए। जिसे स्कॉर्पियो में सवार 05 लोगों की मृत्यु हो गई। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में थाना जांजगीर पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में फरार ट्रक चालक को पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कार्यवाही की गई।



आरोपी वाहन चालक।

### अश्लील फोटो वायरल करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** अश्लील फोटो व वीडियो वायरल के मामले में आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला अकलतरा थाना क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पीडिता की दोस्ती सोशल मीडिया के माध्यम से आरोपी आयुष मौर्य उर्फ शिवम के साथ होने से दोनों एक दूसरे से बातचीत करते थे, आरोपी द्वारा पीड़िता को झांसे में लेकर विडियो काल के माध्यम से फोटो वीडियो बना लिया था जिसको पीडिता के परिजनो को फोटा एवं विडियो वायरल कर ब्लैकमेल करने लगा जिसकी सूचना रिपोर्ट पर धारा 509(ख) भादवि, 12 पाक्सो एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ किया गया जो जुर्म स्वीकार स्वीकार किए जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी का योगदान रहा।

# क्रशर खदानों से 8 लाख के केबल की चोरी से व्यवसायियों में हड़कंप



केबल वायर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

■ अकलतरा थाना के तरौद एवं किरारी की घटना

बीती रात ग्राम तरौद एवं किरारी में स्थित छह क्रशर खदानों से चोरों के द्वारा इलेक्ट्रिक कॉपर केबल की चोरी कर ली गई। चोरी की गई केबल की अनुमानित कीमत 8 से 10 लाख बताई जा रही है।

क्रेशर व्यवसाईयों ने बताया कि सुधीर झांझरिया, विजय अग्रवाल, विक्की अग्रवाल, मुकेश जैन, मुकेश सिंघानिया, इंद्रजीत किरारी के 6 क्रशर प्लांट से एक ही रात में सुनियोजित ढंग से किए गए छः क्रशर खदानों में इलेक्ट्रिक कॉपर केबल को काटकर चोरी कर ली गई है। एक साथ 6 क्रशर में चोरी से क्रशर व्यवसाईयों में हड़कंप मच गया। आज समस्त क्रशर व्यवसाईयों के द्वारा पुलिस थाने में जाकर चोरी की शिकायत दर्ज कराई गई है। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के द्वारा साइबर सेल एवं अन्य माध्यमों से चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की बात कही गई है। क्षेत्र में कबाड़ का व्यवसाय करने वाले लोगों पर कार्रवाई नहीं होने के चलते उनके हौसले बुलंद हैं एवं आए दिन क्षेत्र में केबल सहित अन्य मशीनरी सामानों की चोरी की जा रही है जिनको अक्सर कबाड़ व्यवसाय खरीदते हैं। क्षेत्र के उद्योग संचालकों एवं व्यवसायियों के द्वारा कबाड़ का व्यवसाय करने वाले लोगों पर कड़ाई से पूछताछ कर चोरों को पकड़ने की मांग की गई है।

## डॉ. किरणमयी नायक के साथ अकलतरा विधायक रहे मौजूद

# राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों की सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक ने कलेक्ट्रोरेट सभाकक्ष जांजगीर में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रस्तुत प्रकरणों पर जनसुनवाई की। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर की 352 व जिले में 13 वीं सुनवाई हुई। इस दौरान विधायक अकलतरा राघवेन्द्र कुमार सिंह उपस्थित थे।

सुनवाई के दौरान आवेदिका ने बताया कि 17 माह का वेतन प्रतिमाह 10 हजार 500 रुपए के अनुसार कुल 1 लाख 78 हजार 500 रूपए अब तक नहीं मिला है। अनावेदकगण द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों से स्पष्ट है कि उच्च अधिकारियों को वेतन बकाया संबंधी पत्राचार किया गया है। उच्च न्यायालय के आदेश 7 फरवरी,13 फरवरी एवं 20 फरवरी के अनुसार 45 दिनों में भुगतान होना था, किंतु लगभग 7 माह बीत जाने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ। अनावेदकगण ने कहा कि शासन से राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान किया जाएगा। वेतन भुगतान न होने पर आवेदिका को समझाइश दी गई कि वह उच्च न्यायालय में अनावेदकगण एवं संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध अवमानना याचिका प्रस्तुत कर सकती हैं। आज की कार्यवाही की प्रति निःशुल्क प्रदान की गई तथा प्रकरण की अगली सुनवाई दो माह बाद रायपुर में रखी गई। अन्य प्रकरण में आवेदका उपस्थित आवेदक लगातार अनुपस्थित है इस प्रकरण में पूर्व में ही आवेदिका को निर्देशित किया जा चुका है कि अनावेदक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराए जिस पर आवेदिका ने अब तक आवेदिका ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं करा पायी है। थाना अकलतरा जिला जांजगीर ने पुलिस थाना में आवेदिका की शिकायत पर अनावेदक एवं पत्नि के खिलाफ 31 जुलाई को भादंस की धारा 420,465,467,471 एवं 34 के तहत एफआईआर पंजीबद्ध किया जा चुका है। लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि इस प्रकरण में जांच कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय में प्रस्तुत हुआ है अथवा नहीं थाना अकलतरा से जानकारी लेकर पुनः प्रस्तुत करें। उपस्थित पुलिस कर्मचारी के माध्यम से उक्त उक्त एफआईआर पर चालान तैयार हुआ है लेकिन न्यायालय में प्रस्तुत नहीं किया गया है। अतः इस मामले में केन्द्र प्रशासिका को निर्देशित किया है कि थाना अकलतरा से चालान प्रस्तुति की कापी प्राप्त कर आयोग में प्रस्तुत करें।



प्रकरणों की सुनवाई करती राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष व विधायक।

## खबर संक्षेप



### शासकीय महाविद्यालय बरपाली में रोसेयो शिविर का हुआ शुभारम्भ

**मड़वारानी।** शासकीय महाविद्यालय बरपाली के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर 25 नवम्बर से शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज झा उपाध्यक्ष जनपद पंचायत करतला, अध्यक्षता श्रीमती सावित्री अजय कंवर सभापति जिला पंचायत कोरबा, विशिष्ट अतिथि श्रीमती नीता राकेश यादव सभापति जनपद पंचायत करतला , रामप्रसाद कंवर सरपंच ग्राम पंचायत सलिहाभांठा, श्रीमती तुलसी जायसवाल उपसरपंच ग्राम पंचायत सलिहाभांठा, अजय कंवर पूर्व उपाध्यक्ष बिलासपुर विश्वविद्यालय बिलासपुर , राकेश यादव, प्रवीण उपाध्याय,सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती ,छतीसगढ़ महतारी एवं स्वामी विवेकानंद के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया उसके बाद उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ एंव बेच लगाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण शासकीय महाविद्यालय बरपाली के प्राचार्य डॉक्टर सी.पी, नंद द्वारा दिया गया। आभार प्रदर्शन शिविर के कार्यक्रम अधिकारी एंव शिविर संयोजक श्री अरविंद कुमार खाखा द्वारा किया गया।

### विधायक ने सहकारी समिति कोरबी में धान खरीदी का किया शुभारंभ



**हरदीबाजार।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर किसानो से धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हो गया है। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल की उपस्थिति में विकासखण्ड पाली के आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित केंद्र कोरबी (धतुरा) में धान खरीदी कार्य का शुभारंभ हुआ। उन्होंने समिति में धान विक्रय के लिए आए कृषक परसराम राठौर (भलपहरी) एवं सोमनाथ राठौर (भलपहरी) मौसम राठौर (कोरबी) का पुष्पमाला एवं शॉल श्रीफल भेंटकर स्वागत किया एवं इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन की पारंपरिक रीति रिवाज से पूजा अर्चना कर धान खरीदी की विधिवत शुरुआत की। इस दौरान संजय राठौर, दुर्गेश कश्यप, सैयद कलाम, विनोद कँवर अध्यक्ष समिति, विजय धनवार सरपंच, सरजू लाल निषाद,रवि राठौर, शिवकुमार मरकाम, अनिरुद्ध कंवर सरपंच ढोलपुर, मौसम राठौर,रामचरण राठौर सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

### एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर सम्पन्न



**कोरबा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम दैहानभाठा (गोढ़ी) में आयोजित सात दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का समापन सोमवार को हुआ। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी सविता पाठक एवं सह प्रभारी रेणुका लदेर के नेतृत्व में किया गया। मुख्य समारोह में निगम के आयुक्त आशुतोष पांडे मुख्य अतिथि रहे। उ.मा.वि. गोढ़ी की प्राचार्य रिनी दुबे एवं रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी राधाकांत कश्यप उपस्थित थे। शिविर के उद्घाटन दिवस पर मुख्य अतिथि वी.के. पाठक के प्रतिनिधि के रूप में साइबर सेल विशेषज्ञ प्रशांत सिंह एवं डेमन ओगरे उपस्थित हुए। डेमन ओगरे ने साइबर ठगी से बचाव के तरीके बताते हुए सतर्क रहने की अपील की। योग सत्रों के पश्चात स्वयंसेविकाओं ने नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली।

### छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ की बैठक आयोजित



**मड़वारानी।** छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ के द्वारा जिले में ड्राइवर मिलन समारोह रखा गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश निर्मलकर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य से 19 जिलों के सभी पदाधिकारी और 19 जिलों में जो ब्लॉक हैं उन ब्लॉक के सभी पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में अवगत कराया गया कि वे छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ से जुड़ते हैं तो उन पर 24 घंटे कोई भी दिक्कत परेशानी है अगर आती है तो उसमें छत्तीसगढ़ ड्राइवर महासंघ आपके साथ सदैव खड़ा मिलेगा, सभी ड्राइवर ड्रेस पहने हुए होने चाहिए, आईडी कार्ड गले में होना चाहिए। यातायात नियम ट्रैफिक नियम रोड लाइंस नियम सभी सिगनलों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी दी गई और कहा गया कि वाहन को स्पीड लिमिट पर ही चलाना चाहिए।

#### सहकारिता विभाग ने बीते वर्ष नवंबर महीने में किया था गठन

# एक साल से गठित हैं दूध उत्पादन सहकारी समिति, अब तक शुरु नहीं हो सका काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

जिले के ग्रामीण अंचलों में दूध उत्पादन को बढ़ावा देने के साथ साथ ग्रामीणों को दूध व्यवसाय से जोड़ने के लिए सहकारी समितियों का गठन बीते वर्ष किया गया था। जिनके द्वारा अब तक दूध उत्पादन का कार्य शुरु भी नहीं किया गया। इस योजना के तहत प्रदेश में गठित दूध सहकारी समितियों के द्वारा जिले की समितियों से दूध खरीदने की योजना थी जो साकार नहीं हो सकी।

**खास बात**

- सहकारी दूध कंपनियों के द्वारा खरीदी की थी योजना

सहकारी समितियों के माध्यम से जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में धान खरीदी के कार्य एवं उपभोक्ता भंडारों का संचालन किया जा रहा है। इस क्षेत्र में व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए दूध के व्यवसाय को भी सहकारी समितियों से जोड़ने की योजना जिले में बीते वर्ष नवंबर महीने में लागू करते हुए इसके तहत 6 समितियों का गठन जिले के ग्रामीण अंचलों में किया गया। दूध ग्रामीण सहकारी समिति के नाम से गठित इन समितियों में सहकारिता विभाग एवं पशु चिकित्सा विभाग ने संयुक्त रुप से कार्यवाही की थी। इन समितियों के गठन के पीछे सरकार की मंशा ग्रामीण अंचलों में दूध के व्यवसाय को संगठित रुप से बढ़ावा देना था। ग्रामीण अपने यहां उत्पादित दूध को इन समितियों में बिक्री करते और इन समितियों से सरकार की दूध सहकारी समिति द्वारा खरीदी की जाती किंतु एक वर्ष हो गए इन 6 समितियों ने अब तक किसी भी ग्रामीण से दूध खरीदी का कार्य शुरु नहीं किया। महज कागजों में दूध सहकारी समिति का गठन कर योजना में अमल करने का काम जरुर किया गया है।

**शहरी क्षेत्र में ही ज्यादा उत्पादन**

जिले के शहरी क्षेत्रों में ही दूध का उत्पादन ज्यादा होता है। विशेषकर शहर के पंपहाउस, गोकुलनगर, रामपुर, मानस नगर, कोहड़िया, दर्री बस्ती, बैगिनडभार, दादर और खरमोरा इन क्षेत्रों में दूध उत्पादन मवेशी पालक जरुर करते हैं जिनकी खपत शहर के होटल, रेस्टोरेंट, डेयरी में प्रतिदिन हो रही है। इनके अलावा शहर से लगे हुए गांव गोढ़ी, नकटीखार, बेंदरकोना, गहनिया, खूटामुड़ा, रुगबहरी, गोपालपुर क्षेत्रों में भी दूध उत्पादन मवेशी पालक करते हैं। इसके ठीक विपरीत ग्रामीण अंचलों में व्यवसाय के रुप में दूध उत्पादन नहीं हो पा रहा है लेकिन क्षेत्रों में समितियों का गठन जरुर कर दिया गया है।

**विभाग की डेयरियों पर ही टिका योजना का स्वरुप**

पशु चिकित्सा विभाग की डेयरी योजनाओं पर ही सरकार की दूध खरीदी योजना का स्वरुप टिका हुआ है। विभाग के अंतर्गत छोटी बड़ी कई डेयरी योजनाएं शुरु हुई जिसके तहत ग्रामीणों को मवेशी उपबलब्ध कराए गए। कुछ वर्ष तक तो इन योजनाओं का लाभ लेते हुए ग्रामीणों ने दूध उत्पादन का काम शुरु तो किया लेकिन बाद में धीरे धीरे ग्रामीणों ने मवेशी पालन में रुचि दिखाना बंद कर दिया गया।

**इन क्षेत्रों में गठित हैं समितियां**

| समिति | अध्यक्ष |
|---|---|
| बड़ेबांका | चंद्रकला यादव |
| नानबांका | ओमप्रकाश |
| कोरकोमा | उमेश्वर सोनी |
| सरईसिंगार | बलराम प्रसाद |
| हरदीबाजार | बंशीलाल यादव |
| कोरई | रविशंकर अहिर |

## संजू ने बांग्लादेश में किया कमाल, कबड्डी में ईरान को हराकर भारत पहुंचा फाइनल में



विरोधी को मात देती संजू।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महिला कबड्डी वर्ल्ड कप में भारतीय टीम ने रोमांच से भरे सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने शक्तिशाली ईरान को 33-21 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। इस ऐतिहासिक जीत की सबसे बड़ी नायिका रहीं जिले के पाली विकासखंड के ग्राम केराकछार की प्रतिभाशाली खिलाड़ी संजू देवी, जिन्होंने पूरे मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नौ बेहद महत्वपूर्ण अंक अर्जित किए।

**खास बात**

- पाली के ग्राम केराकछार निवासी हैं संजू देवी

संजू का संतुलित खेल, उनकी फुर्ती, जुझारूपन और निर्णायक क्षणों में धैर्य पूरे मैच में देखने लायक रहा। दूसरा महिला कबड्डी वर्ल्ड कप इस समय बांग्लादेश की राजधानी ढाका में जारी है, जिसमें 11 देशों की टीमें भाग ले रही हैं। भारत अब फाइनल में चाइनीज ताइपे के खिलाफ भिड़ेगा। कबड्डी प्रेमी इस मुकाबले का रोमांच टी-स्पोर्ट्स के यूट्यूब चैनल पर लाइव देख सकेंगे। लीग चरण से ही भारतीय टीम ने अपने प्रदर्शन से दबदबा बनाए रखा। थाईलैंड को 65-20, जर्मनी को 51-16, मेजबान बांग्लादेश को 43-18 और युगांडा को 63-22 को हराते हुए भारत ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। संजू देवी का जज़्बा, साहस और खेल के प्रति समर्पण न केवल पाली, कोरबा और पूरे छत्तीसगढ़ का सम्मान बढ़ाता है, बल्कि वे आज भारत की नई प्रेरणा बनकर उभरी हैं। भारतीय महिला कबड्डी का भविष्य उनके जैसे प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के हाथों में बेहद उज्ज्वल नजर आ रहा है।

## प्राचार्य का वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने वालों के खिलाफ मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक स्कूल की प्रभारी प्राचार्य ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वर्ष 2024 में उसके पड़ोस में सनिता कोसले नाम की महिला किराए में रहती थी। इसी दौरान सनिता कोसले से उसकी जान-पहचान हो गई थी।

इस बीच सनिता ने प्रभारी प्राचार्य से उधार के रूप में 15 हजार रूपये की राशि मांगी थी। जिस पर उसने सनिता को 15 हजार रूपये दे दिए थे, लेकिन कई दिन बीत जाने के बाद सनिता रकम नहीं लौटा रही थी, जिसे लेकर प्रभारी प्राचार्य ने सनिता से अपने रकम की मांग की थी। जब प्रभारी प्राचार्य उसे पुनः पैसा लेने पहुंचा तो वह मकान खाली कर चुकी थी, जिसके बाद व उसे नये मकान पहुंचा तो सनिता कोसले के अलावा दिनेश सोनवानी नाम का व्यक्ति भी मौजूद थे जो पिछले एक दो बार जब वह वहां गया था तब भी वहां मौजूद रहता था। इस बार प्रभारी प्राचार्य को देखते ही तेजी से उसके पास आया और दारवाजा को अंदर से बंद कर दिया और हसिया लेकर उसे डराने लगा। इसके बाद प्रभारी प्राचार्य से डरा धमका कर उसके कपड़े उतरवाकर वीडियो बना लिया गया और उक्त वीडियों को सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी देते हुए प्रभारी प्राचार्य से रकम की मांग की जाती थी।

परेशान होकर प्रभारी प्राचार्य ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है, जिस पर पुलिस ने दिनेश सोनवानी व सनिता कोसले के खिलाफ धारा 308 (2), 61(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



### रेत के अवैध परिवहन में लगे 2 ट्रैक्टर जब्त

**कोरबा।** जिला प्रशासन द्वारा रेत के अवैध खनन एवं परिवहन पर नियंत्रण एवं शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा पर रोक लगाने के लिए गम्भीरता से कार्यवाही किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन में एसडीएम पाली रोहित सिंह के दिशा निर्देश पर नायब तहसीलदार पाली सुजीत कुमार पाटले एवं राजस्व निरीक्षक पोड़ी व हल्का पटवारी के द्वारा ग्राम पोड़ी में अवैध रूप से रेत खनन कर परिवहन करते हुए 2 ट्रैक्टर को जप्त कर थाना पाली को सुपुर्द किया गया है। इसी प्रकार अनुविभाग पाली के हरदीबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम बांधाखार में बिना अनुमति अवैध रूप से शासकीय भूमि पर मिट्टी पटाई कार्य में लगे जेसीबी एवं टीपर वाहन को राजस्व टीम द्वारा जब्त कर हरदीबाजार थाना में सुपुर्द किया गया है। एसडीएम पाली ने कहा कि अनुविभाग में शासकीय भूमि पर किसी भी तरह की अवैध कब्जा एवं रेत सहित अन्य खनिजों के अवैध खनन व परिवहन पर गम्भीरता से कार्यवाही की जाएगी।

## ओएचई लाइन की चपेट में आया कर्मचारी, गंभीर रूप से झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 1 स्थित यार्ड में दुर्घटना राहत वैन पर चढ़कर पेंटिंग का काम कर रहा कर्मचारी अचानक ओएचई (ओवर हेड इक्विपमेंट) लाइन की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार मरम्मत और पेंटिंग का काम एक लोकल पेटी ठेकेदार को दिया गया था। उसके तहत कर्मचारी श्याम चौहान उम्र 25 वर्ष वैन पर चढ़कर पेंटिंग कर रहा था। इसी दौरान अनजाने में वह ऊपरी विद्युत लाइन के संपर्क में आ गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद आरपीएफ जवानों ने तत्काल युवक को जिला अस्पताल कोरबा पहुंचाया जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि रेलवे यार्ड में खड़ी गाड़ियों की मरम्मत या पेंटिंग का काम हमेशा लाइन काटकर किया जाता है। हादसे के समय भी लाइन बंद थी, लेकिन कार्य के दौरान किसी ने अचानक विद्युत लाइन चालू कर दी, जिसके चलते यह गंभीर दुर्घटना हो गई। मामले को गंभीर लापरवाही मानते हुए उच्च स्तरीय जांच की तैयारी की जा रही है।

## हितानंद ने किया डिप्टी सीएम का स्वागत



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव के जन्मदिवस के अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं एमआईसी सदस्य हितानंद अग्रवाल ने श्री महामाया मंदिर रतनपुर के प्रांगण में पूजा अर्चना की, साथ ही श्री साव का महामाला से स्वागत अभिनंदन करते हुए उन्हें जन्मदिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। इस दौरान श्री साव की धर्मपत्नी श्रीमती मीना साव भी उपस्थित रहीं। श्री अग्रवाल बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ कोरबा से रवाना होकर रतनपुर पहुंचे थे। श्री अग्रवाल ने जन्मदिन की बधाई देने के साथ उपमुख्यमंत्री अरुण साव से कोरबा आने हेतु आग्रह भी किया जिसे श्री साव ने सहर्ष स्वीकारते हुए जल्द ही कोरबा प्रवास पर आने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान वरिष्ठ कार्यकर्ता सुमित तिवारी, लोकेश्वर चौहान, महामंत्री जयनंद राठौर, उपाध्यक्ष मनोज भार्या उपस्थित रहे ।

## हाथियों के झुंड ने कोरबा के जंगल को बनाया स्थाई ठिकाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



फाइल फोटो

कटघोरा वनमंडल में स्थायी ठिकाना बनाने के बाद हाथियों को पुनः एक बार कोरबा वनमंडल का जंगल भाने लगा है। लंबे अंतराल के बाद हाथियों ने पिछले दो महीने से करतला के जंगल में डेरा डाले हुए हैं, जिससे ऐसा लग रहा है कि हाथियों को एक बार फिर से इस जंगल में बेहतर रहवास मिल रहा है। अमूमन हाथियों का झुंड पड़ोसी जिला रायगढ़, धरमजयगढ़ वनमंडल से अक्सर आना जाना करते थे, लेकिन इस बार हाथियों ने डेरा ही जमा दिया है। बताया जाता है कि हाथियों को धान की खड़ी फसल जमकर रास आ रही है, जिसके चलते हाथी अब जंगल से निकलकर मैदानी इलाकों में भी आने लगे हैं।

**खास बात**

- पिछले कुछ वर्षों से धरमजयगढ़ वन मंडल से कोरबा वन मंडल में करते थे

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2002 में पहली बार पड़ोसी जिले रायगढ़ के धरमजयगढ़ वनमंडल से हाथियों की झुंड ने कोरबा वनमंडल में दस्तक दी थी। जिसके बाद हाथियों का लगातार कोरबा वनमंडल में आना जाना लगा रहा और 2005 के बाद हाथियों ने कोरबा वनमंडल के विभिन्न वन परिक्षेत्रों को अपना स्थाई रहवास बना लिया था। जबकि इस दौरान हाथियों का झुंड कटघोरा वनमंडल की ओर रूख नहीं करता था और कटघोरा वनमंडल में हाथी नजर नहीं आते थे, लेकिन एक दौर आया कि हाथियों के झुंड ने कटघोरा वनमंडल को अपना स्थाई ठिकाना बना लिया और पिछले पांच वर्षों से कटघोरा वनमंडल में हाथियों का झुंड कटघोरा वनमंडल में डेरा डाले हुए हैं, जबकि पिछले कुछ वर्षों से हाथी धरमजयगढ़ से कोरबा वनमंडल में कुछ दिनों रहने के बाद अक्सर वापस चले जाया करते थे, लेकिन इस बार हाथियों के झुंड को कोरबा वनमंडल फिर से भाने लगा है। पिछले दो महीने से हाथियों के झुंड ने अपना स्थायी ठिकाना बना लिया है। सबसे ज्यादा 37 हाथियों का झुंड करतला रेंज में है, जो वन विभाग के लिए अच्छी खबर है। हालांकि ग्रामीण क्षेत्रों में अभी धान कटाई का काम जोरों पर है और कोरबा वनमंडल में विचरण कर रहे हाथियों का झुंड दर्जनों किसानों की फसलों को चट कर रहे हैं। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुसान हो रहा है। हाथियों का झुंड जंगल से निकलर मड़वारानी के आसपास मैदानी क्षेत्र की ओर पहुंचने लगे हैं। यदि धान मिसाई का काम पूरा हो जाता है और हाथियों का झुंड कोरबा के जंगल में रूकता है तो इससे यह साफ होगा कि हाथियों के लिए एक बार फिर से कोरबा का जंगल तैयार हो चुका है।

**मदनपुर में हाथी विशेषज्ञ ने दिया जागरूकता का संदेश**



कोरबा वनमंडल अंतर्गत विचरण हाथियों के झुंड से मानव द्वंद रोकने वनमंडलाधिकारी श्रीमती प्रेमलता यादव के मार्गदर्शन में जनजागरूकता एवं हाथी वन्य प्राणी विशेषज्ञों के सहयोग से वनवासियों को जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में दक्षिण-कोरबा उप वनमंडल के पसरखेत वन परिक्षेत्र में सूर्यकांत सोनी उप वनमंडलाधिकारी के निर्देशन में ग्राम मदनपुर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना प्रशिक्षण शिविर में 23 नवंबर को छत्तीसगढ़ राज्य वन जीव बोर्ड के सदस्य प्रभात दुबे वरिष्ठ हाथी विशेषज्ञ द्वारा जागरूकता का संदेश दिया गया। जिससे समस्त प्रशिक्षणार्थी, प्रशिक्षक एवं ग्रामीणजन प्रभावित हुए। कार्यक्रम में डब्लूटीआई फिल्ड अधिकारी सुशांतो ने भी अपने अनुभव साझा किये। इसी कड़ी में 24 नवंबर को हाई स्कूल फूलसरी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम पसरखेत वन परिक्षेत्राधिकारी देवदत्त खांडे एवं उनकी टीम में शामिल साहनीराम राठिया उप वनक्षेत्रपाल, अशोक यादव वनरक्षक, सरोता बंजारे वनरक्षक, दीपक कुजूर गेमगार्ड, कमलेश कौशिक वनपाल, चंद्रशेखर साहू, वनपाल एवं परमेश्वर बंजारे वनरक्षक का योगदान रहा।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24/7
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतो से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.F.H
दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इण्डोस्कोपी एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीज़ेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरॉइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए : अमिताभ बच्चन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार धर्मेंद्र का 24 नवंबर को 89 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके साथी कलाकार और सदी के महानायक कहे जाने वाले अमिताभ बच्चन ने उनके निधन पर भावुक पोस्ट की है और दुख जताया है। अमिताभ बच्चन ने एक्स पर एक पोस्ट में धर्मेंद्र के बारे में लिखा 'एक और बहादुर हमें छोड़कर चले गए। अपने पीछे वह एक सन्नाटा छोड़ गए। धरम जी। वह अपने आप में मिसाल थे। वह न सिर्फ अपनी शारीरिक मौजूदगी के लिए, बल्कि अपने बड़े दिल और बेहतरीन सादगी के लिए जाने जाते थे। वह अपने साथ पंजाब के उस गांव की मिट्टी की खुशबू लाए थे, जहां से वह आए थे। वह उस मिट्टी के मिजाज के प्रति सच्चे रहे।

लाइफ Style

# अदिति

## यूं शुरू हुआ था सच्चे प्यार का नया सफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की दुनिया में अपनी एक्टिंग का परचम लहरा चुकीं अदिति राव हैदरी का जन्म राजघराने में हुआ था। अदिति राव हैदरी और सिद्धार्थ की कहानी तो जैसे किस्मत से बनी हुई लगती है। एक्ट्रेस की लव स्टोरी फरवरी 2021 में तेलुगु फिल्म 'महा समुद्रम'के सेट पर शुरू हुई थी।

जब वह अपने हसबैंड सिद्धार्थ के साथ एक्शन-ड्रामा फिल्म में नजर आई थीं। अदिति ने साउथ में भी अपने काम से लोगों का दिल जीता है। उनके फैंस की संख्या बहुत ज्यादा है। बहुत कम लोग जानते हैं कि अदिति की पहली शादी सत्यदीप मिश्रा से हुई थी। महज 21 साल की उम्र में उन्होंने पहली शादी की थी। लेकिन, ये रिश्ता ज्यादा समय तक नहीं चला और दोनों अलग हो गए। अदिति ने अपने एक इंटरव्यू में बताया था कि जब तलाक हुआ, तो उनका दिल टूट गया था, लेकिन तलाक के बावजूद अदिति और सत्यदीप एक-दूसरे के दोस्त बने रहें। पहली शादी टूटने के बाद अदिति राव हैदरी की मुलाकात साल 2021 में फिल्म महा समुद्रम के दौरान सिद्धार्थ से हुई। फिल्म की शूटिंग के दौरान दोनों अक्सर सेट पर साथ समय गुजारते थे। इसी बीच दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने डेटिंग शुरू कर दी। दोनों ने जब एक दूसरे को अच्छे से जान लिया। तब मार्च 2024 में अपनी सगाई की खबर को फैंस के साथ शेयर किया। 16 सितंबर साल 2024 को दोनों शादी के बंधन में बंध गए। बात अगर अदिति के एक्टिंग कॅरियर की करें तो अब तक वह रॉकस्टार, मर्डर 3, वजीर, पद्मावत, कातरू वेलियिदाई, सूफीयम सुजातायम, महा समुद्रम जैसी फिल्मों में दमदार रोल में नजर आ चुकी हैं।



## हॉलीवुड मसाला



# नए हैरी पॉटर को लिखा लेटर

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की दुनिया में एक बार फिर से 'हैरी पॉटर' का जादू लौटने की तैयारियां जोरों पर हैं। जैसे-जैसे नई सीरीज की शूटिंग आगे बढ़ रही है, फैंस का उत्साह भी बढ़ता जा रहा है। इस बार कहानी का केंद्र सिर्फ नए कलाकार ही नहीं हैं, बल्कि वो भावनाएं भी हैं जो मूल हैरी पॉटर रहे डेनियल रेडक्लिफ ने अपने छोटे उत्तराधिकारी के लिए जताई हैं। डेनियल ने हाल ही में बताया कि उन्होंने नए हैरी पॉटर बने डोमिनिक मैकलॉफलिन को खुद पत्र लिखकर शुभकामनाएं भेजी हैं।



# 'द हार्डर दे कम' में एक्टिंग ने दिलाई पहचान...

**लॉस एंजिल्स।** जिमी क्लिफ एक शानदार रेगे गायक और अभिनेता थे। उन्होंने 81 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। जिमी क्लिफ को मशहूर फिल्म 'द हार्डर दे कम'में एक्टिंग के लिए भी पहचाना जाता था। जिमी क्लिफ जमैका के रहने वाले थे। बचपन से ही उनका संगीत के प्रति गहरा लगाव थे। वे अपनी किशोरावस्था में ही किंग्स्टन के उभरते संगीत जगत में शामिल हो गए और 1960 के दशक में एक ऐसे आंदोलन का नेतृत्व किया जिसमें बॉब मार्ले, टूट्स हिबर्ट और पीटर तोश जैसे भावी सितारे शामिल थे। 1970 के दशक के शुरुआती वर्षों में, उन्होंने निर्देशक पेरी हेनजेल की एक महत्वाकांक्षी फिल्म में अभिनय के प्रस्ताव को स्वीकार किया। इसमें उन्होंने रेगे संगीतकार, इवानहो इवान मार्टिन का किरदार निभाया, जो अपने कॅरियर में गिरावट आने पर अपराध की दुनिया में चला जाता है।



# कैलोरी की शूटिंग के दौरान थीं नर्वस

**मुंबई।** अभिनेत्री डॉली अहलूवालिया अपनी अपकमिंग फिल्म 'कैलोरी' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 28 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म की इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (आईएफएफआई) में स्क्रीनिंग हुई है। नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस डॉली अहलूवालिया ने कहा कि यह रोल बहुत इमोशनल था और उन्होंने माना कि शूटिंग के दौरान वह नर्वस थीं। एएनआई से बात करते हुए अहलूवालिया ने बताया कि 'कैलोरी' टाइटल दिखाता है कि लोग अपने अतीत के दर्द और यादों के साथ कैसे जीते हैं। इस बारे में उन्होंने कहा, 'मेरे लिए कैलोरी का मतलब अनुभव और भावनाएं हैं और आप खाने के बजाय उन भावनाओं को कैसे पचाते हैं।' एक्ट्रेस ने बताया कि फिल्म को लेकर उन्हें खुद पर भरोसा नहीं था।




# धर्मेंद्र की सादगी से सदाबहार बने ये गाने...

**मुंबई।** धर्मेंद्र के गाने सिर्फ सुने नहीं गए, उन्हें महसूस किया गया, जिया गया और उन पर थिरका गया, जिन्हें कई पीढ़ियां सदियों तक याद रखेंगी। यह कहानी उन्हीं सुरों की महक की है, जो आज भी 'पल पल दिल के पास' धड़कती है, जिन सुरों ने थिरकना सिखाया और दोस्ती की नई परिभाषा बनाई। मैं जट यमला पगला दीवाना, फिल्म- प्रतिज्ञा (1975), ये दोस्ती हम नहीं तोड़ेंगे, फिल्म- शोले (1975), पल पल दिल के पास, फिल्म- ब्लैकमेल (1973), कोई हसीना जब रूठ जाती है, फिल्म- शोले (1975), किसी शायर की गजल, फिल्म- ड्रीम गर्ल(1977), मैं तेरे इश्क में मर न जाऊं कहीं, फिल्म- लोफर (1973), अब के सजना सावन में, फिल्म- चुपके चुपके (1975), झिलमिल सितारों का आंगन होगा, फिल्म- जीवन मृत्यु (1970), आज मौसम बड़ा बेईमान है बड़ा-लोफर (1973)।

## टीवी मसाला



# मृदुल और बसीर से नहीं हो सकती शहबाज की तुलना

**नई दिल्ली।** सलमान खान के रिएलिटी शो 'बिग बॉस 19' से कुनिका सदानंद एविक्ट हो गई हैं। 'बिग बॉस 19' से बाहर आने के बाद कुनिका ने मीडिया से बात की। कुनिका ने कहा कि उनके हिसाब से शहबाज बदेशा का मृदुल तिवारी और बसीर अली से ज्यादा कंट्रीब्यूशन रहा है। उन्होंने कहा, 'बसीर ने अपना 100% दिया, लेकिन एक टाइम के बाद उनका गेम खत्म हो गया था क्योंकि वह और नेहल चुडासमा करीब आ गए थे। बसीर खुश थे, लेकिन उसके बाद वो गेम में एक्टिव नहीं रहे थे।'कुनिका ने इंटरव्यू में आगे कहा, 'रहा सवाल मृदुल का तो गौरव ने उन्हें ओवरशैडो कर दिया। ऐसा हो गया था कि वो हर चीज गौरव से पूछकर करता था। वो गौरव से पूछे बिना हिलता तक नहीं था। तो आप शहबाज के कंट्रीब्यूशन को बसीर और मृदुल के कंट्रीब्यूशन से कंपेयर नहीं कर सकते हैं। शहबाज जब घर में आया वह हंसी, मजाक और बहुत सारी नई-नई चीजें लेकर आया।'कुनिका ने ये भी कहा कि शहबाज के ऊपर प्रेशर है क्योंकि शहनाज गिल भी बिग बॉस से बनी हैं। कुनिका बोलीं, 'मैं शहबाज को फिल्मों में देखना चाहती हूं। मैं चाहती हूं कि मैं उसे कॉमेडी रोल्स में देखूं।'जब कुनिका से पूछा गया कि उनके हिसाब से 'बिग बॉस 19' का विनर कौन है? तब उन्होंने फरहाना भट्ट का नाम लिया। उन्होंने साफ कहा कि उन्हें भी लगता है कि गौरव एक्टिंग कर रहे हैं। कुनिका सदानंद ने इंटरव्यू में कहा, 'गौरव पीछे से खेलते हैं। इमोशनल मैनिपुलेशन भी करते हैं। मृदुल के साथ भी किया था।

## एक वरदान के रूप में देखती हूं

**नई दिल्ली।** शुभांगी अत्रे ने भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से दर्शकों का दिल खूब जीता है। कुछ दिनों से खबरें आ रही थीं कि शुभांगी को शो से पुरानी अंगूरी भाभी यानी शिल्पा शिंदे रिप्लेस करने वाली हैं। अब शुभांगी ने इस खबर को कन्फर्म कर किया है। 10 साल के बाद शुभांगी अब इस शो को छोड़कर जा रही हैं। शुभांगी का कहना है कि वह इसे एक आशीर्वाद की तरह ले रही हैं। शुभांगी ने कहा, 'मैंने हमेशा मिसेस कोहली को वादा किया था कि मेरी जर्नी शो में आन, बान और शान के साथ शुरू होगी और वैसे ही उसका एंड होगा। मैं इससे बेहतर एग्जिट के बारे में नहीं सोच सकती। रिप्लेसमेंट के पीछे की कोई वजह नहीं है। मैं इसे एक वरदान के रूप में देखती हूं, क्योंकि एक कलाकार के रूप में मैं नए किरदारों को निभाना चाहती हूं। आइडिया यह है कि यहां से बाहर जाऊं और बाकी काम पर फोकस करूं। लाइफ में इतना कुछ देखने के बाद मैं फाइटर मोड में आ गई हूं और अब सिर्फ अपनी बेटी और अपने काम पर फोकस कर रही हूं।'



# भारी-भरकम कास्ट होने के बावजूद दर्शकों को नहीं रिझा सकीं ये फिल्में

**मुंबई।** बॉलीवुड की कई ऐसी फिल्में हैं जिनमें कई बड़े कलाकारों ने अभिनय किया है। कई फिल्मों में अच्छे विजुअल, अच्छे म्यूजिक और अच्छी कहानी रही। हालांकि ये फिल्में उम्मीद के मुताबिक दर्शकों को अपनी तरफ खींचने में नाकाम रहीं। बॉक्स ऑफिस पर इन फिल्मों की कमाई उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। आलोचकों से भी इन फिल्मों को सराहना नहीं मिली।

***सर्कस :*** साल 2022 में रिलीज हुई फिल्म 'सर्कस' में रणवीर सिंह, वरुण शर्मा, पूजा हेगड़े और जैकलीन फर्नांडिस जैसे कलाकार थे। उम्मीद की जा रही थी कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। हालांकि कमजोर कहानी की वजह से इसे बहुत कम दर्शक मिले और फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई।

***कलंक :*** फिल्म 'कलंक' (2019) में माधुरी दीक्षित, संजय दत्त, आलिया भट्ट, वरुण धवन, सोनाक्षी सिन्हा और आदित्य रॉय कपूर ने अभिनय किया था। इसके बावजूद यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई नहीं कर सकी थी। आलोचकों ने कलाकारों के हिसाब से इसकी कहानी को कमजोर बताया था। हालांकि इसके विजुअल अच्छे थे।



***ठग्स ऑफ हिंदोस्तान :*** साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ठग्स ऑफ हिंदोस्तान' में आमिर खान और अमिताभ बच्चन पहली बार साथ में नजर आए थे। इसमें कटरीना कैफ और फातिमा सना शेख भी थीं। इसकी रिलीज से पहले इसकी काफी चर्चा थी। हालांकि यह फिल्म रिलीज के बाद कुछ खास नहीं कर सकी। बॉक्स ऑफिस पर इसने लगभग बजट भर की ही कमाई की थी।

***हैप्पी न्यू ईयर :*** 'हैप्पी न्यू ईयर' (2014) में शाहरुख खान, दीपिका पादुकोण और अभिषेक बच्चन जैसे कलाकार थे। फिल्म में ग्लैमर का तड़का था और इसका म्यूजिक भी अच्छा था। हालांकि फिल्म की कहानी इतनी कमजोर थी कि इसे दर्शकों ने नकार दिया। बड़े कलाकारों के होने के बावजूद यह फिल्म आलोचकों को प्रभावित नहीं कर सकी थी।

***जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी :*** साल 2002 में रिलीज हुई फिल्म 'जानी दुश्मनः एक अनोखी कहानी' में बॉलीवुड के कई बड़े कलाकार थे। इसमें सनी देओल, अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और मनीषा कोइराला जैसे कलाकार थे। माना जा रहा था कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा देगी। हालांकि ऐसा हुआ नहीं। फिल्म दर्शकों को प्रभावित नहीं कर सकी। फिल्म ने सिर्फ अपना बजट निकाला।

## 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवार्ड्स 2025

# यूके ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार किए अपने नाम

**लॉस एंजिल्स।** इम्तियाज़ अली की फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर 53वें अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड्स में अब तक जो उम्मीदें थीं वो अब टूट गई हैं। सोमवार 24 नवंबर की देर रात न्यूयॉर्क सिटी में इंटरनेशनल एमी अवॉर्ड्स का आयोजन हुआ जिसमें दिलजीत दोसांझ की अमर सिंह चमकीला को नॉमिनेशन मिला था। 53वें अंतर्राष्ट्रीय एमी अवार्ड्स 2025 के विजेतोषणा कर दी गई है, जिसमें यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने सात श्रेणियों में सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए हैं। आईटीवी स्टूडियोज़ की 1980 के दशक पर आधारित ड्रामा-कॉमेडी 'रिवॉल्ट्स'ने सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार जीता। इस ब्रिटिश कॉमेडी ड्रामा में डेविड टेनेंट, एडेन टर्नर, कैथरीन पार्किंसन, विक्टोरिया स्मर्फिट, एलेक्स हैसेल, नफेसा विलियम्स, बेला मैक्लीन, एमिली एटैक और डैनी डायर जैसे कलाकार शामिल हैं। यह सीरीज जिली कूपर की किताबों पर आधारित है। वहीं, लुडविग को सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी का पुरस्कार मिला, जिसमें डेविड मिशेल ने अभिनय किया है। इस सीरीज में एक पहेली मास्टर (मिशेल) अपने लापता भाई, जो एक पुलिस जासूस है, का भेष बदलकर उसके लापता होने के मामले की जांच करता है। अन्ना मैक्सवेल मार्टिन भी लुडविग का हिस्सा हैं। इसके अतिरिक्त, यूके ने फॉलन के लिए सर्वश्रेष्ठ किड्स लाइव-एक्शन शो, लॉस्ट बॉयज एंड फेयरीज़ के लिए सर्वश्रेष्ठ टीवी मूवी/मिनी सीरीज, हेल जम्पर के लिए सर्वश्रेष्ठ डॉक्यूमेंट्री, और 'डिस्पैचः किल ज़ोनः इनसाइड के लिए करंट अफेयर्स श्रेणियों में भी ट्रॉफियां जीतीं। इसके अलावा, यूके ने अंटिल आई किल यू में अपने प्रदर्शन के लिए अन्ना मैक्सवेल मार्टिन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के पुरस्कार से भी नवाजा गया।

**रिवॉल्ट्स ने जीता सर्वश्रेष्ठ ड्रामा का पुरस्कार**



## शोले में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती

# इन फिल्मों में निभाई दमदार भूमिका, हर किरदार में जीता दिल

*मुंबई। हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता और हीमैन धर्मेंद्र ने 89 वर्ष की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके जाने से एक युग का अंत हो गया। धर्मेंद्र ने अपने फिल्मी सफर में तरह-तरह के किरदार निभाए थे। वह एक ओर प्रेमी युवक के रूप में याद किए जाते थे, तो दूसरी ओर जांबाज हीरो के रूप में भी। फिल्म 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका आज भी दर्शकों को भुलाए नहीं भूलती।*



***शोले*** *: धर्मेंद्र के करियर की सबसे चर्चित भूमिका की बात की जाए, तो वह 'शोले'में उनकी वीरू की भूमिका है। अमिताभ बच्चन के साथ उनकी जोड़ी ने दोस्ती की मिसाल पेश की थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अपने किरदार को जीवंत कर दिया था।*

***सत्यकाम*** *: धर्मेन्द्र ने फिल्म 'सत्यकाम'में सत्यप्रिय आचार्य की भूमिका निभाई थी, जो एक सिद्धांतवादी व्यक्ति थे। धर्मेंद्र द्वारा निभाया गया यह किरदार भारतीय सिनेमा के सबसे बेहतरीन किरदारों में से एक माना जाता है।*

***चुपके-चुपके*** *: ऋषिकेश मुखर्जी के निर्देशन में साल 1975 में बनी फिल्म 'चुपके-चुपके'में धर्मेंद्र ने प्रोफेसर परिमल त्रिपाठी और प्यारे मोहन इलाहाबादी की भूमिका निभाई थी। फिल्म में धर्मेंद्र की बेमिसाल कॉमिक टाइमिंग ने दर्शकों को प्रभावित किया थे। यह एक क्लासिक कॉमेडी फिल्म थी।*

**अनुपमा** : ऋषिकेश मुखर्जी की ड्रामा फिल्म 'अनुपमा' इंडस्ट्री की सबसे ज्यादा सराही गई फिल्मों में से एक थी। यह कहानी एक जिद्दी युवक की है। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने अशोक की भूमिका निभाई थी, जिसे उमा से प्यार हो जाता है। उमा के माता पिता अशोक को नहीं पसंद करते हैं। इससे पहले उमा कुछ गलत कदम उठाती उसके माता पिता अशोक से शादी के लिए मान जाते हैं। फिल्म में अभिनेता ने दमदार भूमिका निभाई थी।

**जॉनी गद्दार**: निर्देशक श्रीराम राघवन की फिल्म 'जॉनी गद्दार' में धर्मेंद्र ने गैंग लीडर शेषाद्रि 'सेशु' की भूमिका निभाई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र और नील नितिन मुकेश के अलावा रिमी सेन, विनय पाठक और जाकिर हुसैन की मुख्य भूमिकाएं थी।

**फूल और पत्थर** : फिल्म 'फूल और पत्थर'में धर्मेंद्र ने एक युवा अपराधी की भूमिका निभाई थी, जिनका नाम शक्ति सिंह 'शाका'था। फिल्म में शाका एक विधवा महिला के खातिर अपनी सारी बुरी आदतें छोड़ देता है और सुधर जाता है। इस फिल्म ने कई सामाजिक मान्यताओं को चुनौती दी और दर्शकों को शिक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

***यादों की बारात*** *: फिल्म 'यादों की बारात' में धर्मेंद्र ने शंकर की भूमिका निभाई थी। यह पहली मसाला फिल्म थी, जिसमें एक्शन, नाट्य, रोमांस, संगीत, अपराध और थ्रिलर शैलियों का समावेश था। इस फिल्म का निर्देशन नासिर हुसैन ने किया था, जो 1973 में रिलीज हुई थी।*

***धरम वीर*** *: मनमोहन देसाई के निर्देशन में साल 1977 में फिल्म 'धरम वीर' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में धर्मेंद्र ने धरम का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र और जितेन्द्र की जोड़ी को दर्शकों को खूब पसंद किया था।*

***लोफर*** *: 'लोफर'में धर्मेंद्र ने एक स्टाइलिश और करिश्माई हीरो का रोल निभाया था, जो अपराध की दुनिया में फंसा हुआ है, लेकिन दिल से नेक है। अभिनेता ने रंजीत का किरदार निभाया था। फिल्म में धर्मेंद्र की भूमिका की काफी सरहाना की गई थी।*

## खबर संक्षेप

### मितानिन दिवस पर पंचायत भवन में मितानिनों का सम्मान



**तालदेवरी।** मितानिन दिवस के अवसर पर 23 नवंबर को ग्राम पंचायत तालदेवरी में मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन पंचायत भवन में किया गया। जिसमें ग्राम की 7 मितानिनों एवं एक प्रशिक्षक का ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पंच प्रतिनिधि झाड़ू राम मनहर द्वारा साड़ी श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर मितानिन सावित्रीबाई मनहर,बट बाई आजाद,मनटोरी बाई साहू,हीरा साहू, लकेश्वरी साहू, भुरी बाई साहू, पुनी बाई खुटे सहित ग्राम पंचायत तालदेवरी के पंच एवं ग्रामीण जन अधिक संख्या में उपस्थित थे।

### युवा रत्न सम्मान योजना के लिए आवेदन 30 तक, रायपुर में होगा कार्यक्रम

**सक्ती।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनो द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहसिक, शैक्षणिक खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य हो, उनकी व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यो को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना प्रारंभ किया गया है। युवा रत्न सम्मान योजना के तहत पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम राज्य युवा महोत्सव के उद्घाटन समारोह 12 जनवरी 2026 को राज्य स्तरीय कार्यक्रम रापयुर में किया जायेगा। जिसमें इस जिले के युवाओं एवं स्वैच्छिक संगठनो द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक, साहसिक, शैक्षणिक खेल एवं अन्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं जिनकी उम्र 15 से 29 वर्ष के मध्य हो से निर्धारित प्रारूप में आवेदन 30 नवंबर तक कार्यालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सदर स्कूल सक्ती, जिला सक्ती में सीधे जमा कर सकते है।

### वन अधिकार प्रकोष्ठ में समन्वयक व एमआईएस सहायक पद पर भर्ती के लिए आवेदन कल

**सक्ती।** आयुक्त आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग, इन्द्रावती भवन अटल नगर नवा रायपुर के निर्देशानुसार धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत वन अधिकार अधिनियम 2006 एवं नियमों के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला स्तर एवं चिन्हित अनुभाग स्तर पर वन अधिकार प्रकोष्ठ में जिला स्तरीय समन्वयक (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम) एक पद एवं एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम) एक पद की नियुक्ति किया जाना है। जिसके लिए 19 नवम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें अपरिहार्य कारणों से अंतिम तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला सक्ती से प्राप्त जानकारी अनुसार अब इच्छुक आवेदक 28 नवम्बर को शाम 5:30 बजे तक कार्यालयीन समय में आवेदन कर सकते है। अन्य किसी भी प्रकार की अधिक जानकारी के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग जिला सक्ती से संपर्क किया जा सकता है। 19 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसमें अपरिहार्य कारणों से अंतिम तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। अब इच्छुक आवेदक 28 नवंबर को शाम 5:30 बजे आवेदन कर सकते है।

## निधन

### महेत्तर साव कंसारी



**चांपा।** स्थानीय कंसारी समाज के वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिक तथा बर्तन व्यवसायी हटवारा चौक निवासी महेत्तर साव कंसारी का मंगलवार 25 नवंबर की रात्रि में निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। स्व. कंसारी अपने पीछे पांच पुत्रों एवं दो पुत्रियों सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार बुधवार 26 नवंबर को दोपहर 12 बजे मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र रमेश कंसारी ने दी।

### जिला से लेकर जनपद ग्राम पंचायतों में मनाया गया संविधान दिवस

# संविधान हमें बांधता है एकता के सूत्र में - सत्यलता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



संविधान की शपथ लेते जिपं अध्यक्ष सहित अन्य।

जिले में 26 नवंबर संविधान दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कार्यक्रम में उद्देशिका का वाचन किया और कहा कि संविधान हमें एकता के सूत्र में बांधने का काम करता है। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ, जिला पंचायत सदस्य एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बुधवार 26 नवंबर को जिला से लेकर जनपद पंचायत, नगर पंचायत, नगर पालिका ग्राम पंचायतों में संविधान दिवस मनाया गया। इसके साथ ही क्विज गतिविधियाँ भी आयोजित की गई। जिला पंचायत में आयोजित संविधान दिवस कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने संविधान की महत्ता और उसके मूल्यों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए नागरिकों से कर्तव्यों के प्रति सजग रहने की अपील की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह, जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव, पूर्व विधायक चुन्नी लाल साहू, इंजी. रवि पाण्डेय, श्रीमती प्रतिमा, सीईओ गोकुल रावटे, उप संचालक पंचायत अभिमन्यु साहू सहित अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी. सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि भारत का संविधान हम सबको एकता के सूत्र में बांधता है, जिस पर हमें गर्व है। संविधान ने सभी नागरिकों को समान अधिकार दिए हैं और साथ ही कर्तव्यों का पालन करने की प्रेरणा भी दी है। हमें अपने संवैधानिक कर्तव्यों को दोहराते हुए देश की एकता, अखंडता और समरसता के साथ आगे बढ़ना है। पूर्व विधायक चुन्नीलाल ने कहा कि संविधान ने हमें एकता और अखंडता के सूत्र में बांधा है तथा समाज में सभी को समानता प्रदान की है। समान अधिकारों और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना में संविधान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला पंचायत सदस्य सुश्री आशा साव ने संविधान को राष्ट्र की आत्मा बताते हुए कहा कि आज पूरा देश संविधान दिवस मना रहा है। भारत का संविधान महान है, जो हमारे लोकतंत्र की मजबूती को दर्शाता है। इस दौरान इजी. रवि पाण्डेय ने भी संबोधित किया है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने संविधान के प्रति निष्ठा, राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प भी लिया। इसके अलावा जिले में विभिन्न कार्यक्रम और बिंदुओं पर चर्चा, वाद-विवाद और क्विज़ जैसी गतिविधियाँ भी आयोजित की गई।

### संविधान दिवस पर भीमराव की मूर्ति पर माल्यार्पण

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ नागरिक सुरक्षा फाउंडेशन के द्वारा शाम 5 बजे भीमराव अंबेडकर चौक मे 26 नबंबर को संविधान दिवस पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर फूल माला एवं दीप प्रज्विलत कर संविधान दिवस मनाया गया। जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव ने कहा संविधान एक देश या संस्था के नियमों का एक बुनियादी संग्रह है जो सरकार की संरचना, शक्तियों और कर्तव्यों के साथ-साथ नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों को भी निर्धारित करता है। यह देश का सर्वोच्च कानून है और सरकार के सभी अंगों को बांधता है। नागरिको को मौलिक अधिकार देता हैउपाध्यक्ष मागेराम अग्रवाल ने वताया भारत का संविधान 26 नवंबर 1949 को अपनाया गया था और 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ था। यह विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रामनरेश यादव, जिला अध्यक्ष महिला श्रीमती नेहा गुप्ता ,वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ,उपाध्यक्ष मांगेराम अग्रवाल उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गवेल,रदेश सचिव दीपक गुप्ता, कार्यकारिणी अध्यक्ष प्रेम पटेल,सहसचिव नीतिन सोनी ,कोषाध्यक्ष विजय मित्तल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती विद्या साहू ,श्रीमती नेहा राठौर, कोषाध्यक्ष श्रीमती झरना साहू ,देब आशिष पटेल,ऊकार यादव, भुरु अग्रवाल,रामनारायण,जग्गू,मनोहर खुटे आदि उपस्थित थे

### संविधान दिवस पर नगर कांग्रेस कमेटी के द्वारा संविधान के प्रस्तावना का किया गया वाचन

**अकलतरा।** नगर कांग्रेस कमेटी ने संविधान दिवस पर नगर के अंबेडकर चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संविधान के प्रस्तावना का वाचन किया गया। मंजू सिंह ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है जोकि संविधान सभा के अध्यक्ष थे। 26 नवंबर 1949 को संविधान का निर्माण होने के बाद 26 जनवरी 1950 को देश में संविधान को लागू किया था। प्रतिवर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है।नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण कर देश के लोगों को समानता का अधिकार दिया है। नगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा ने कहा कि सामाजिक न्याय मंत्रालय ने 26 नवंबर 2015 से देश में संविधान दिवस की शुरुआत की। संविधान में डॉ.भीमराव अंबेडकर द्वारा समान अधिकार देकर लोगों को आगे बढ़ाने का कार्य किया। कार्यक्रम को भविष्य चंद्राकर, संतोष सिंह बैस, पार्षद विजय खांडेल, राजकुमार सिंह ने भी संबोधित किया।

## स्कूलों का डीईओ ने किया निरीक्षण, पुस्तक वितरण अपार आईडी एवं जाति प्रमाण पत्र के बारे में की चर्चा



बच्चों से सवाल पूछते डीईओ कुमुदनी द्विवेदी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देशन मे जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती कुमुदनी बाघ द्विवेदी द्वारा स्कूलों में आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सक्ति जिले के संकुल केंद्र बालक बाराद्वार अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कन्या बाराद्वार, पूर्व माध्यमिक शाला रेलवे बाराद्वार, प्राथमिक शाला बालक बाराद्वार, प्राथमिक शाला स्टेशनपारा एवं स्वामी आत्मानंद विद्यालय नया बाराद्वार का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा पूछे गए प्रश्नों का बहुत ही अच्छा जवाब विद्यार्थियों द्वारा दिया गया। मध्याह्न भोजन निरीक्षण के दौरान रसोईयों को गैस सिलेंडर से खाना बनाने के निर्देश दिए गए। सेजेस के बच्चों को वार्षिक परीक्षा की तैयारी एवं सभी स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी हेतु टिप दिया गया। प्राइमरी कक्षा के बच्चों द्वारा 20 तक पहाड़ा पढ़ कर भी सुनाया गया एवं कक्षा दूसरी के बच्चों ने धारा प्रवाह में पुस्तक पढ़कर सुनाया। इस दौरान सी एस सी प्रफुल्ल कुमार मिश्रा से पुस्तक वितरण, अपार आई डी एवं जाति प्रमाण पत्र के संबंध में चर्चा किया गया। मध्याह्न भोजन निरीक्षण के दौरान रसोईयों को गैस सिलेंडर से खाना बनाने के निर्देश दिए गए। सेजेस के बच्चों को वार्षिक परीक्षा की तैयारी एवं सभी स्कूलों में अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए टीप दिया गया। निरीक्षण के दौरान सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी राजकुमार पटेल एवं जयचंद राठौर, नवीन अग्रवाल, अशोक राठौर आदि शिक्षक उपस्थित रहे ।

## आधा दर्जन से अधिक रेत खदानों की नीलामी, खोला गया आनलाइन पर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



गौण खनिज साधारण रेत के उत्खननपट्टा नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के तहत द्वितीय चरण में सिरौली, देवरीमठ और करही रेत खदानों के लिए अधिमानी बोलीदार घोषित किया गया। मंगलवार 25 नवम्बर को कार्यालय कलेक्टर के सभाकक्ष में एम.एस.टी.सी. ऑनलाईन पोर्टल में लाटरी के माध्यम से जिला स्तरीय समिति एवं बोलीकर्ताओं के समक्ष खोला गया।

ज्ञात हो कि जिला सक्ती अंतर्गत छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के तहत द्वितीय चरण में 3 रेत खदानों के आबंटन हेतु क्रमशः ग्राम सिरौली तहसील चन्द्रपुर, देवरीमठ, करही तहसील हसौद हेतु निविदा जारी किया गया था, जिसमें 25 नवम्बर को कार्यालय कलेक्टर के सभाकक्ष में एम.एस.टी.सी. ऑनलाईन पोर्टल में लाटरी के माध्यम से जिला स्तरीय समिति एवं बोलीकर्ताओं के समक्ष खोला गया। जिसमें ग्राम सिरौली तहसील चन्द्रपुर में श्रीमती शालू बंसल निवासी रायगढ़, ग्राम देवरीमठ तहसील हसौद में महिमा चंद्रा निवासी जैजैपुर, ग्राम करही में सुष्मिता सिन्हा निवासी हसौद को चयनित अधिमानी बोलीदार घोषित किया गया। इस दौरान अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, जिला खनिज अधिकारी किशोर बंजारे सहित अन्य संबंधित अधिकारी व बोलीदार उपस्थित थे।

## धूमधाम से मनाया गया राम सीता का विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ तनौद



ग्राम के अंदोली तालाब स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार 25 नवंबर को अघ्हन पंचमी मार्ग शीर्ष के अवसर पर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र व माता जानकी (सीता) का विवाह महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर संध्या कालीन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र लक्ष्मण व माता सीता की झांकी के साथ ग्राम भ्रमण किया सिद्ध हनुमान मंदिर से गुड़ी चौक महामाया मंदिर से बरपारा होते हुए ग्राम के हृदय स्थल हटवारा पारा से हनुमान मंदिर पहुंचा। तत्पश्चात हनुमान मंदिर के पुजारी पं.पवन शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण व वैदिक पुजा कर माता जानकी व श्रीरामचन्द्र का विवाह संपन्न कराया गया। श्रद्धालु भगवान श्रीरामचन्द्र व माता सीता की विवाह महोत्सव में साक्षी बने मारुति सेवा समिति द्वारा महाप्रसाद महाभंडारा रखा गया था। रामहरि साहू सपत्नि तीजमती साहू मुख्य याजमान रहें। मारुति सेवा समिति के सदस्य महेश साहू, योगेश्वर साहू, सोनाऊ राम,डां राजेन्द्र साहू दिनेश यादव, तिलक साहू अशोक देवांगन, संतोष साहू, संतराम, समारु राम, लालजी, ग्रंथ, शिवप्रसाद केवट, महावीर, कोमल, नागेश्वर साहू, हिमांशु शर्मा, योगेश शर्मा, संध्या शर्मा आंचल शर्मा, हितेश्वरी शर्मा, मोहन साहू, श्रवण, शालिनी साहू, कविता साहू, कविता देवांगन द्वारा राम, लक्ष्मण, सीता, मनोहारी दृश्य से झांकी मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीरामचन्द्र व माता सीता के विवाह में शामिल हुए।

### जूनियर व सीनियर बालक, बालिका कबड्डी का जिला स्तरीय ट्रायल 30 को

**सक्ती।** जूनियर तथा सीनियर बालक, बालिका कबड्डी के लिए जिला स्तर पर चयन ट्रायल जेठा के क्रांतिकुमार कॉलेज मैदान में आगामी 30 नवम्बर रविवार को सुबह 10 बजे से आयोजित किया गया है। जूनियर बालक वर्ग के लिए अधिकतम वजन 75 किलो ग्राम तथा आयु 18 जनवरी 2006 के बाद जन्म हुआ हो तथा बालिका वर्ग के लिए वजन अधिकतम 65 किलोग्राम और आयु 28 दिसंबर 2005 के बाद जन्म हुआ हो, वही खिलाड़ी उक्त चयन ट्रायल में शामिल हो सकते हैं। सीनियर वर्ग के लिए आयु बंधन नहीं है। उपरोक्त दोनों वर्गों के चयन ट्रायल में सक्ती जिले के सभी विकास खंड के कबड्डी खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं । चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उक्त चयन ट्रायल के प्रभारी टेक चंद पटेल, बाबू लाल सिदार , संजय सिदार, भोग सिंह कंवर एवं सन्नी उरांव तथा जिला कबड्डी संघ के सभी पदाधिकारी उक्त स्थल पर मौजूद रहेंगे। उक्त जानकारी जिला कबड्डी संघ के जिला मीडिया प्रभारी चंद्र प्रकाश तिवारी ने प्रदान किया। सीनियर वर्ग के लिए आयु बंधन नहीं है।

## करणी सेना के सदस्यों ने 7 बिन्दुओं को लेकर रखी मांगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



राज सिंह शेखावत से मिलने पहुंचे करणी सेना के पदाधिकारी।

सक्ती नगर के स्थानीय विश्राम गृह में करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राज सिंह शेखावत पहुंचे। उनका स्वागत सत्कार स्थानीय क्षत्रिय राजपूत परिवार के सदस्यों ने किया। इस दौरान 7 बिन्दुओं पर चर्चा कर अपनी मांगे रखी।

डॉ शेखावत ने स्थानीय प्रेस से चर्चा के दौरान कहा कि में छत्तीसगढ़ में तोमर बंधुओं के समर्थन में नहीं आया हूँ बल्कि तोमर परिवार की महिलाओं पर प्रदेश की पुलिस ने जो अत्याचार किया है जो दुर्व्यवहार किया है उससे आहत होकर मैं अपना समर्थन तोमर परिवार की महिलाओं को देने आया हूँ। पघर की महिलाएं घर की आन बान और शान होती हैं इन पर यदि कोई आंच आए तो यह बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। पूरे प्रदेश में घूम घूमकर मैं राजपूत समाज तक यह बात पहुंचा रहा हूँ कि यदि तोमर बन्धु अपराधी हैं तो बेशक उनपर कानूनी कार्रवाई हो हमें उससे कोई आपत्ति नहीं है मगर जानबूझकर घर की महिलाओं को अपमानित किया जा रहा है इस बात का हम विरोध कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ की पुलिस दमनकारी नीति अपना रही है। करणी सेना के सभी सदस्यों ने 7 बिंदुओं पर अपनी मांग छत्तीसगढ़ शासन के समक्ष रखी है। अपनी मांगों को लेकर 7 दिसंबर को रायपुर में सभी क्षत्रियों को आमंत्रित किया गया है। रायपुर में विशाल रैली के माध्यम से छत्तीसगढ़ सरकार को यह बताया जाएगा कि पुलिस के द्वारा निर्दोष लोगों पर दमनकारी कार्रवाई की जा रही है । हमारी मांग है कि इस पर तत्काल रोक लगाते हुए न्यायिक जांच हेतु टीम का गठन किया जाए जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। इस दौरान करणी सेना के पदाधिकारी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ के रविन्द्र अध्यक्ष तो कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी लोमस को

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ जांजगीर–चांपा इकाई का निर्वाचन 23 नवंबर को नारायणी धाम, रानी सती दादी मंदिर, लछनपुर सभागार में सम्पन्न हुआ। इस दौरान रविन्द्र द्विवेदी संघ के अध्यक्ष तो लोमस श्रीवास को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है।

ज्ञात हो कि निर्वाचन अधिकारी प्रमोद हंसराज, सहायक निर्वाचन अधिकारी पील लाल पटेल एवं पर्यवेक्षक तरुण सिंह राठौर के दिशा–निर्देशन में नामांकन, नाम-वापसी और मतदान प्रक्रिया का संपूर्ण कार्य संपन्न कराया गया। जिला जांजगीर–चांपा के बम्हनीडीह, नवागढ़, बलौदा, पामगढ़ एवं अकलतरा विकासखंडों के संगठन के 43 पदाधिकारियों में से 38 पदाधिकारियों ने मतदान किया। इसमें वरिष्ठ शिक्षक, साहित्यकार डॉ. रवीन्द्र द्विवेदी ने 38 में से 30 मत प्राप्त कर भारी बहुमत से विजय हासिल की। डॉ. द्विवेदी के पैनल से जिला सचिव लक्ष्मीनारायण तिवारी जिला कोषाध्यक्ष, लोमस श्रीवास विजयी हुए। निर्वाचन में निर्विरोध निर्वाचित पदाधिकारी में जिला उपाध्यक्ष के पद पर विनोद पांडेय,बसावन लहरे,सतीश भारद्वाज,श्रीमती पूर्णिमा शुक्ला निर्वाचित हुए। जिला सहसचिव के पद पर शंकरलाल पाण्डेय, श्रीमती रीता सिंह, उमाशंकर खुटेकार्यकारिणी सदस्य के रूप में गुरु प्रसाद भतपहरे, चक्रधर सिंह राठौर निर्वाचित हुए। इस दौरान पूर्व वरिष्ठ पदाधिकारियों में मनोज तिवारी, हरिराम जायसवाल धन्य कुमार पाण्डेय सहित डी.डी. गढेवाल, आर.डी. श्रीवास, संतोष तिवारी, राजेन्द्र जायसवाल, विजय थवाईत, अशोक तिवारी, प्रदीप तिवारी, तोषण तिवारी, रामकिशोर देवांगन, अनिल पांडेय, लखन लाल कश्यप, मधुसूदन शर्मा, अजय चौबे आदि उपस्थित थे।

## गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल में विविध कार्यक्रम का आयोजन, बच्चों ने दी प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति देते बच्चे।

गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल में संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था।

बुधवार 26 नवंबर को गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में संविधान दिवस के अवसर पर, संविधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्र छात्राओं में संविधान के प्रति जागरूकता तथा सतर्कता एवं अतिरिक्त ज्ञान के उद्देश्य से प्रश्न मंच का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत विद्यालय के चारों सदन - कारण सदन, अर्जुन सदन, एकलव्य सदन तथा अभिमन्यु सदन के कक्षा तीसरी से कक्षा पांचवी, कक्षा छठवीं से कक्षा आठवीं तथा कक्षा नौवीं से कक्षा बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं के बीच प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें सभी वर्ग के दो-दो विद्यार्थी सहभागी हुए। जहां प्रथम अर्जुन सदन, द्वितीय एकलव्य सदन तथा तृतीय अभिमन्यु सदन रहा। प्राचार्य श्री संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि 26 नवंबर भारतीय इतिहास में एक विशेष महत्व रखता है क्योंकि आज ही के दिन 1949 में भारत की संविधान सभा ने हमारे देश के संविधान को अपनाया था। यह महज एक दस्तावेज नहीं बल्कि भारत के हर नागरिक के सपनों, आशाओं और भविष्य की नींव है। हमारा संविधान सिर्फ नियम कानून का संग्रह नहीं है। यह एक मार्गदर्शक सिद्धांत है, जो हमें एक संप्रभु, समाजवादी धर्मनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक गणराज्य बनाने के लिए प्रेरित करता है। संविधान ने हमें अधिकार दिए हैं, लेकिन साथ ही कर्तव्यों का भी बोध कराया है। ताकि जिम्मेदार नागरिक के रूप में अधिकारों एवं कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए, देश की एकता और अखंडता को बनाए रखें, और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा दें। इस पवित्र ग्रंथ को बनाने में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के साथ अन्य सदस्यों का अतुलनीय योगदान रहा है। उन सबको मेरा सादर नमन। संविधान दिवस पर प्रश्न मंच प्रतियोगिता के आयोजन हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल, प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा,प्रशासक विपिन गुप्ता, समन्वयक राजेश ओबराय ने बच्चों एवं शिक्षक शिक्षिकाओं को शुभकामनाएं प्रेषित किए। इस समारोह में शिक्षक सुंदर पाल चौहान, आदित्य साहनी,ई. सुधाकर राव, अखिलेश वर्मा, नंद कुमार महेश्वरी, डॉ जागेन्द्र कुमार कुलमित्र,जे. कविता, अमन सिंह, आशीष गिरि, मो.रियाजुद्दीन, मुस्कान गुप्ता, गौतम स्वैन, प्रवाकर घोष, प्रहलाद साहू,सीमा ठाकुर, भाग्यश्री मिश्र, श्रुति सिंह, आयूषी तिवारी, गीता बरेठ, सीमरन कौर,नेहा गढ़ेवाल, प्रीति चंद्रा, खुशबू गुप्ता, आरती गढेवाल,शिवि दुबे,सदफ नाज, स्नेहलता राठौर,बी. एल. कर्ष, नेहा अग्रवाल, मुस्कान शर्मा, प्रतिभा यादव,महेंद्र सिंह ठाकुर, नरेंद्र दुबे, प्रींसि उपाध्याय, प्रीति सिंह, प्राची सिंह तथा विद्यार्थी गण उपस्थित थे ।

### पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय में मनाया गया संविधान दिवस

**हसौद।** बुधवार 26 नवम्बर को पी.एम. जवाहर नवोदय विद्यालय, चिस्दा में संविधान दिवस बड़ी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य दिलीप कुमार ठाकुर तथा समस्त स्टाफ द्वारा भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके उपरांत संतोष कुमार कश्यप, पी.जी.टी. भूगोल द्वारा संविधान दिवस के ऐतिहासिक महत्व तथा भारत के संविधान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान निष्ठा साहू, कक्षा 12वीं ने उपस्थित सभी विद्यार्थियों से संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन करवाया। छात्र छात्राओं द्वारा संगीत शिक्षक सुभाष चंद्र के मार्गदर्शन में सुंदर गीत प्रस्तुत किया गया। साक्षी बारेठ, कक्षा 9वीं ने संविधान पर भाषण प्रस्तुत किया।

